DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

अनुसंधान और कौशल विकास से जुड़ेगा दून विवि

देहरादून : दून विश्वविद्यालय के छात्र पंजाब विश्वविद्यालय के सहयोग से हिमालयी अध्ययन में अनुसंधान और इंडियन सोसायटी फार ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आइएसटीडी) नई दिल्ली के साथ कौशल विकास की नई विधाओं में दक्ष बनेंगे। दून विवि ने मंगलवार को इन दोनों संस्थानों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए।

पहले एमओयू पर हस्ताक्षर दून विवि के कुलसचिव डा. एमएस मंद्रवाल व इंडियन सोसायटी फार ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीता चौहान ने किए। दूसरे पर दून विवि के कुलसचिव व पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के प्रो कश्मीर सिंह ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर दून विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने कहा कि आइएसटीडी देश का एक प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान है, जिसकी स्थापना अप्रैल 1970 में पूरे देश में प्रशिक्षण और विकास को बढ़ावा देने के लिए गैर-लाभकारी सोसायटी के रूप में की गई थी। पंजाब विवि चंडीगढ़ भारत के सबसे पुराने विश्वविद्यालयों में से एक है। पीयू की शुरुआत 1882 में लाहौर में हुई थी, जिसमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी, मानविकी, सामाजिक विज्ञान, प्रदर्शन कला, खेल में शिक्षण और अनुसंधान में उत्कृष्टता हासिल करने की लंबी परंपरा है।(जासं)

News paper – Dainik Jagran
Date – 14.02.2024